कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 21.03.2023

थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा वारंटी राजेश कुमार सिंह गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ़्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के कुशल नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 1949/12 धारा 323,504,506,427 भादवि से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त राजेश कुमार सिंह पुत्र रामचन्दर सिंह नि0 केराकतपुर थाना लोहता कमि0 वाराणसी को दबिश देकर आज दिनांक-21.03.2023 को समय करीब 14.00 बजे वारंटी के घर के बाहर केराकतपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का विवरण-

राजेश कुमार सिंह पुत्र रामचन्दर सिंह नि0 केराकतपुर थाना लोहता कमि0 वाराणसी,उम्र करीब 50 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 जमुना प्रसाद तिवारी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी